
अमर उजाला - 17/08/2023



केंद्रीय रेल विद्युतीकरण कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। स्रोत: रेलवे

उत्तर मध्य रेलवे प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर सलामी लेते जीएम।

पर कर्मचारियों को सम्मानित किया।

कोर मुख्यालय में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) प्रयागराज मुख्यालय में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जीएम को आरपीएफ गारद ने सलामी दी। कोर महाप्रबंधक ने विद्युतीकरण कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न परियोजनाओं के आठ कर्मचारियों को पर्सन ऑफ द मन्थ अवार्ड से पुरस्कृत किया।



कोर मुख्यालय में ध्वजारोहण के बाद सलामी लेते जीएम प्रमोद कुमार। • हिन्दुस्तान

न्यायादेश - 17-08-2023

कोर मुख्यालय में 77वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित

प्रयागराज। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के मुख्यालय में 77वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक कोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आर.पी.एफ. गारद की सलामी दी। महाप्रबन्धक ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर समस्त कोर परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। महाप्रबंधक ने कोर द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 4767 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण के अजेय कीर्तिमान को स्थापित कर एक नई स्वर्णिम ऊँचाई प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया और यह विश्वास जताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिसम्बर 2023 तक कोर को 2093 रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण का जो लक्ष्य दिया गया है, उसको प्राप्त करने में कोर अवश्य सफल होगा। अपने संबोधन में उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कोर द्वारा विद्युतीकृत किये गए अनेक महत्वपूर्ण सेक्शनों का जिक्र किया जिससे न केवल सेक्शन क्षमता और परिचालन गति बढ़ी बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति मिली।

श्री कुमार ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 179 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण कोर द्वारा कर दिया गया है। साथ ही, 12 ट्रैक्शन सब स्टेशन, 56 एसपी और एसएसपी, 23 टावर वैगन शेड, 09 ओ.एच.ई. डिपो, 186 स्टाफ क्वार्टर और 275 हाइट गेज का कार्य पूर्ण किया गया। महाप्रबन्धक ने विद्युतीकरण कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न परियोजनाओं के 8 कर्मचारियों को 'पर्सन ऑफ दी मन्थ' अवार्ड से पुरस्कृत किया। साथ ही, कोर से सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारियों को भी रेलवे में अपने योगदान के लिए सम्मानित किया। अध्यक्षा रीवो, श्रीमती पूनम कुमार, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किया गया। रेल विद्युतीकरण की विभिन्न परियोजनाओं अंबाला, अहमदाबाद, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, बेंगलुरू, चेन्नई एवं सिकंदराबाद में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा महाप्रबन्धक का स्वतन्त्रता दिवस संदेश पढ़ा गया।

कोरमें धूमधामसे मनाया स्वतंत्रता दिवस, जीएम ने किया ध्वजारोहण

केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संघटन (कोर) के मुख्यालय में ७७वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाप्रबंधक कोर प्रमोद कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ गारद की सलामी दी। महाप्रबन्धक ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर समस्त कोर परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। महाप्रबंधक ने कोर द्वारा वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में ४७६७ रूट किलोमीटर विद्युतीकरण के अजेय कीर्तिमान को स्थापित कर एक नई स्वर्णिम ऊंचाई प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया और यह विश्वास जताया कि वर्तमान वित्तीय



वर्ष में दिसम्बर २०२३ तक कोर को २०९३ रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण का जो लक्ष्य दिया गया है, उसको प्राप्त करने में कोर अवश्य सफल होगा। अपने संबोधन में उन्होंने वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में कोर द्वारा विद्युतीकृत किये गए अनेक महत्वपूर्ण सेक्शनों का जिक्र किया जिससे न केवल सेक्शन क्षमता और परिचालन गति बढ़ी बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति मिली। महाप्रबंधक ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक १७९ रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण कर दिया गया है। साथ ही १२ ट्रैक्शन सब स्टेशन, ५६ एसपी और एसएसपी, २३ टावर वैगन शेड, ०९ ओएचई डिपो, १८६ स्टाफ क्वार्टर और २७५ हाइट गेज का कार्य पूर्ण किया गया। अब तक कुल ५४ सिग्नल एवं दूरसंचार संशोधन किए गए जिसमें २१ अदद सिग्नलिंग संशोधन स्टेशनों पर, १५ अदद सिग्नलिंग संशोधन समपार फाटकों पर और १८ अदद गैर विद्युतीकरण ब्लाक इंसट्रूमेंट का यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट से प्रतिस्थापन किया गया। महाप्रबंधक ने इस बात पर जोर दिया कि ट्रैक्शन सब स्टेशन, टावर कार शेड एवं ओएचई डिपो की कमीशनिंग एक ऐसा क्षेत्र है जहां कोर को अपने प्रयासों को और बढ़ाना है। कार्य की प्रगति पर सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित करना है कि इनकी कमीशनिंग समयबद्ध तरीके से की जाए ताकि जोनल रेलवे को परिचालन और अनुरक्षण कार्य में असुविधा न हो। महाप्रबंधक ने विद्युतीकरण कार्यों के दौरान सुरक्षा एवं संरक्षा से संबन्धित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए और सारे संरक्षा प्रावधानों का पालन करते हुए कार्यों को गति प्रदान करने का आवाहन किया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि कार्यस्थेल पर सुरक्षा एवं संरक्षा नियमों का अनुपालन कार्यों का लक्ष्य के अनुसार निष्पादन में रुकावट नहीं है और यह समस्त रेलकर्मियों को आत्मसात करना होगा। साथ-हा विद्युतीकरण के कार्यों में लगे रेलकर्मियों और निजी कर्मचारियों को सुरक्षा एवं संरक्षा से संबन्धित प्रावधानों के प्रति समय-समय पर प्रशिक्षण देना, सुरक्षित कार्य प्रणाली को लेकर उन्हें जागरूक बनाए रखना और आकस्मिक निरीक्षणों के द्वारा तंत्र को चौकस रखना होगा ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। अपने संबोधन में उन्होंने कोर द्वारा विद्युतीकरण कार्यों को समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक कमीशन करने के लिए उठाए गए अनेक कदमों की चर्चा की जैसे मौजूदा जन शक्ति की विवेकपूर्ण ढंग से तैनाती, ईपीसी अनुबन्ध प्रणाली को अपनाना, जहाँ ईपीसी अनुबन्ध किये गये है वहाँ जरूरत के आधार पर पीएमसी सेवायें लेना, पारेषण लाइनों को समय पर पूरा करने और ट्रैक्शन सब स्टेशनों को चालू करने के लिए राज्य विद्युत प्राधिकरणों के संग घनिष्ठ समन्वय स्थापित करना और कार्य एजेंसियों के साथ कार्य समीक्षा को लेकर समय-समय पर विस्तृत चर्चा और तदानुसार योजनाबद्ध कार्य प्रणाली का क्रियान्वयन। इस अवसर पर रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संघटन (रीवो) की सदस्याओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महाप्रबन्धक ने विद्युतीकरण कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न परियोजनाओं के ८ कर्मचारियों को 'पर्सन ऑफ दी मन्थ' अवार्ड से पुरस्कृत किया। साथ ही कोर से सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारियों को भी रेलवे में अपने योगदान के लिए सम्मानित किया। अध्यक्ष रीवो, श्रीमती पूनम कुमार, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किया गया। रेल विद्युतीकरण की विभिन्न परियोजनाओं अंबाला, अहमदाबाद, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, बेंगलुरू, चेन्नई एवं सिकंदराबाद में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा महाप्रबन्धक का स्वतन्त्रता दिवस संदेश पढ़ा गया।

आज - 17-08-2023


दरअसल गुरुवार को सीजेएम [illegible] किया गया था। इस वीडियो में कहा गया था कि मैं फिर आऊंगा। इसके बाद [illegible] को तत्काल हटाने की जरूरत बताई गई [illegible]

सहज स्वराज्य - 17-08-2023

कोर मुख्यालय में स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित

(सहजस्वराज्य)

प्रयागराज।केंद्रीयरेलविद्युतीकरणसंगठन (सीरो) प्रयागराज के मुख्यालय में 77वाँ स्वतंत्रता दिवसहर्षोल्लास के साथ मनाया गया।श्रीप्रमोदकुमार, महाप्रबंधक कोर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आर.पी.एफ.गारद की सलामी दी।महाप्रबंधक महोदय ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर समस्तकोर परिवार कोहार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।महाप्रबंधक महोदय ने कोर द्वारा वित्तीयवर्ष 2022-23 में 4767 रूटकिलोमीटरविद्युतीकरण केअजेय कीर्तिमान को स्थापित कर एक नई स्वर्णिमऊँचाई प्राप्तकरने पर हर्ष व्यक्त किया और यह विश्वास जताया कि वर्तमान वित्तीयवर्ष में दिसम्बर2023 तक कोरके2093रूटकिलोमीटरकेविद्युतीकरण काजोलक्ष्य दिया गया है, उसको प्राप्त करने में कोर अवश्य सफल होगा।अपने संबोधन में उन्होंनेवित्तीयवर्ष 2022-23 में कोर द्वारा विद्युतीकृत किये गए अनेक महत्वपूर्ण सेक्शनों का जिक्र किया जिससे न केवलसेक्शन क्षमता और परिचालन गति बढ़ी बल्कि सामाजिक-अर्थिक विकास को भी गति मिली।श्री कुमार नेबतायाकि वर्तमानवित्तीयवर्ष में अब तक 179 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण कोर द्वारा कर दिया गया है। साथ ही, 12 ट्रैक्शन सब स्टेशन, 56 एसपी और एसएसपी, 23 टावर वैगन शेड, 09 ओ.एच.ई. डिपो, 186 स्टाफ क्वार्टर और 275 हाइट गेज का कार्य पूर्ण किया गया।अब तक कुल 54 सिग्नल एवं दूरसंचार संशोधन किए गए जिसमें 21 अदद सिग्नलिंग संशोधन स्टेशनों पर, 15 अदद सिग्नलिंग संशोधन समपार फाटकों पर और 18 अदद गैर विद्युतीकरण ब्लॉक इंसटूमेंट का यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंस्टूमेंट से प्रतिस्थापन किया गया।महाप्रबंधक महोदयनेइस बात पर जोर दिया कि ट्रैक्शन सब स्टेशन, टावर कार शेड एवं ओएचई डिपो की कमीशनिंग एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ कोर को अपने प्रयासों को और बढ़ाना है। कार्य की प्रगति पर सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित करना है कि इनकी कमीशनिंग समयबद्ध तरीके से की जाए ताकि ज़ोनल रेलवे को परिचालन और अनुरक्षण कार्य में असुविधा न हो।महाप्रबंधक महोदय



नेविद्युतीकरण कार्योंके दौरानसुरक्षा एवं संरक्षा से संबन्धित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए औरसारेसंरक्षा प्रावधानों का पालन करते हुए कार्यों को गति प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दियाकि कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं संरक्षा नियमों का अनुपालन कार्यों का लक्ष्य के अनुसार निष्पादन में रुकावट नहीं है और यह समस्त रेलकर्मियों को आत्मसात करना होगा। साथ ही,विद्युतीकरण के कार्यों में लगे रेलकर्मियों और निजी कर्मचारियों को सुरक्षा एवं संरक्षा से संबन्धित प्रावधानों के प्रति समय-समय पर प्रशिक्षण देना, सुरक्षित कार्य प्रणाली को लेकर उन्हें जागरूक बनाए रखना और आकस्मिक निरीक्षणों के द्वारा तंत्र को चौकस रखना होगाताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। अपनेसंबोधन मेंउन्होंने कोर द्वारा विद्युतीकरण कार्यों को समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक कमीशन करने के लिए उठाए गएअनेक कदमों की चर्चा की जैसे मौजूदा जन शक्ति की विवेकपूर्ण ढंग से तैनाती, ईपीसी अनुबन्ध प्रणाली को अपनाना, जहाँ ईपीसी अनुबन्ध किये गये है वहाँ जरूरत के आधार पर पीएमसी सेवायें लेना, पारेषण लाइनों को समय पर पूरा करने और ट्रैक्शन सब स्टेशनों को चालू करने के लिए राज्य विद्युत प्राधिकरणों के संग घनिष्ठ समन्वय स्थापित करना और कार्य एजेंसियों के साथ कार्य समीक्षा को लेकर समय-समय पर विस्तृत चर्चा और तदानुसार योजनाबद्ध कार्य प्रणाली का क्रियान्वयन।

इस अवसर पर रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन (रीवो) की सम्मानित सदस्याओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महाप्रबन्धक महोदयने विद्युतीकरण कार्यों में उत्कृष्ट योगदानके लिए विभिन्न परियोजनाओं के8 कर्मचारियों को 'पर्सन ऑफ दी मन्थ' अवार्ड से पुरस्कृत किया।साथ ही,कोर से सेवानिवृत्तवरिष्ठ कर्मचारियोंको भी रेलवे में अपने योगदान के लिए सम्मानित किया। अध्यक्षा रीवो, श्रीमती पूनम कुमार,द्वारासांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किया गया ।रेल विद्युतीकरण की विभिन्न परियोजनाओं अंबाला, अहमदाबाद, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, बेंगलुरु, मुंबई एवं सिकंदराबाद में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा महाप्रबन्धक महोदय का स्वतन्त्रता दिवस संदेश पढ़ा गया।